## गीता महोत्सव पर कार्यक्रम का किया आयोजन



**बड़वानी।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशों के अनुसार भगवान बिरसा मुंडा शासकीय महाविद्यालय पाटी में भारतीय ज्ञान परंपरा एवं कॅरियर सेल के प्राचार्य डॉ परवेज मोहम्मद के मार्गदर्शन में गीता महोत्सव आयोजित किया। श्रीमद्भगवद्गीता के 15वें अध्याय पुरुषोत्तम योग का सामूहिक वाचन एवं गीता की शिक्षाओं पर व्याख्यान हुआ। मुख्य वक्ता डॉ मंसाराम बघेल ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय संस्कृति का सर्वश्रेष्ठ और अनंत ज्ञान का स्रोत है। 15वां अध्याय संसार को अश्वत्थ वृक्ष के रूप में प्रस्तुत करते हुए मानव जीवन की वास्तविकता, आत्मा और परमात्मा के अखंड संबंध को स्पष्ट करता है। वहीं प्रो जया न्यायत ने भी सम्बोधित किया। संचालन कर रहे प्रो दिनेश ब्राम्हणे ने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे गीता के उपदेशों को जीवन में अपनाकर चरित्र निर्माण, नैतिक चेतना और कर्तव्यनिष्ठा को दृढ़ करें। आभार डॉ भारतसिंह चौहान ने माना। इस दौरान प्रो राजू ओसारी, जगदीश, कनसिंह, विक्रम शिवजी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

## मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम कार्यशाला का आयोजन

**बड़वानी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमानायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के कम्प्यूटर सांइस विभाग द्वारा मप्र शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन प्राचार्या डॉ वीणा सत्य के निर्देशन में 3 से 13 दिसम्बर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन कम्प्यूटर विज्ञान से जुड़े रोजगार संबंधी विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों के लिए अनेक उपयोगी जानकारियां ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों मोड पर दी जाएगी। प्राचार्या डॉ वीणा सत्य ने बताया कि इस पाठ्यक्रम से जुड़कर विद्यार्थी न केवल अपने आने वाले कॅरियर संबंधी आशंकाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि यह जानकारी उनके पाठ्यक्रम के लिए भी उपयोगी होगी। डॉ रविन्द्र बरडे ने भी इस पाठ्यक्रम को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने बताया कि इस तरह की गतिविधियों से ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले विद्यार्थियों को न केवल आधुनिक तकनीकी जानकारियां मिलेगी, बल्कि विषय विशेषज्ञ से जुड़कर उनके ज्ञान को सांझा करने का अवसर भी मिलेगा। इस दौरान डॉ एमएस मोरे जानकारियों का लाभ लेने की अपील की।




एक नजर में

## विद्यामित्र समूह ने विद्यार्थियों को ऊनी परिधान बांटे




इंदौर. ये नि :स्वार्थ सोच के ऐसे सच्चे सामाजिक लोग है जो वास्तविकता के धरातल पर विद्यासेवा को ही अपना सौभाग्य समझते है. ये विद्यामित्र समूह विगत 10 वर्षों से शासकीय व आधारभूत शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकताओं वाले विद्यालयों में उनकी जरूरत अनुरूप शैक्षणिक व अन्य आवश्यक वस्तुएँ उपलब्ध करा रहा है. विद्यामित्र समूह के संयोजक दीपक विभाकर नाईक ने बताया कि शीत ऋतु में ग्रामीण क्षेत्र के शालेय बच्चों को कड़ाके की ठंड़ लगती थी ।और उनके पास पहनने को ऊनी परिधान नहीं थे. बस इसी भावना को उद्देश्य बना शासकीय हाईस्कूल नांदेड़ से आग्रह आने पर विद्यार्थियों को विद्यामित्र समूह के द्वारा ऊनी परिधान भेंट किए गए. गर्म परिधान मिलते ही बच्चों के चेहरों पर अप्रतिम मुस्कान बिखर रही थी. समूह के इन सेवाभावी सदस्यों संजय काले, स्मिता मुकादम, बलराम हुंदलानी, गिरीश खतुरिया, संजय सौंदत्तीकर, प्रताप आहेर, जगरूपसिंह ने इस प्रकल्प हेतु अपना सहयोग प्रदान किया. इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या प्रणोति पटेल, शिक्षकगण प्रीति साकोरीकर, महिपालसिंह, जगदीश चौहान, कल्पना माने आदि उपस्थित थे. संचालन शिक्षिका कामिनी तंबोली ने किया. विद्यामित्र समूह में महू, इंदौर, उज्जैन से लेकर मुंबई और अमेरिका से भी सदस्य जुड़ चुके है. इन 56 सदस्यों में बलराम हुंदलानी, रेखा विजय ईनाणी, मनोज झिरीवाल, अर्चना गुप्ता, सुधीर पंत, दीप मंदवानी, संदीप वाधवा, स्मिता मुकादम,डॉ रीना जोशी, संजय कोकजे, नारायण गुप्ता, प्रियेश अग्रवाल, नितेश यादव, गिरीश खथुरिया, महेश गुप्ता, रोचना शुक्ला, नुपुर नामजोशी, कार्तिक मधोक, सुषमा व्यास, स्नेहा कोकजे, देवेंद्र शाह, हिमांशु मानुरकर, ऋचा प्रशस्त, संजय वी काले आदि सक्रिय बने रहते है।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों को सिखाया गुडटच-बेडटच



महू. विश्व दिव्यांग दिवस के उपलक्ष पर संवेदना स्कूल में मगंलवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमे एक खिलौने वाली गुड़िया को हाथ में लेकर बच्चों को बहुत ही सरल तरीके से समझाया कि गुड टच बेड टच क्या होता है और हमें अपनी सुरक्षा कैसे करनी है. मानसिक दिव्यांग बच्चों ने इस कार्यशाला को बहुत अच्छे से समझा और अपने साथियों को समझाया भी. साथ ही बच्चों ने खिलौने के साथ खेल कर खुशियां मनाई. 8 दिसंबर को विश्व मानसिक दिव्यांग दिवस होता है. इस रोज मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को रोटरी क्लब आफ महू के सदस्यों द्वारा पिकनिक भ्रमण के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. बच्चों के लिए एक शानदार पार्टी का आयोजन होगा.

## प्रोफेसर डॉ. शैलेंद्र शर्मा का निधन



इंदौर. प्रोफेसर और संस्कार कॉलेज इंदौर के प्राचार्य डॉक्टर शैलेंद्र शर्मा का हार्ट अटैक से निधन हो गया. आपकी चार पुस्तकें व अनेक शोध पत्र प्रकाशित हो चुके हैं. आप लंबे समय तक नर्मदा समग्र और जन अभियान परिषद से भी जुड़ कर नर्मदा संरक्षण के कार्य में सलग्न रहे. जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में भी आपने काफी कार्य किए. आप गुजराती कॉलेज इंदौर के बाद धामनोद, मंडलेश्वर के कॉलेज में भी प्राचार्य पदस्थ रहे .आप कई संस्थानों से जुड़े रहे. अंतिम यात्रा बुधवार को दोपहर 1 बजे वैशाली नगर से निकलकर रिजनल पार्क मुक्तिधाम जाएगी.

## नशे में भैरव बाबा की मूर्ति से छेड़छाड़, युवक गिरफ्तार

इंदौर. रावजी बाजार क्षेत्र में शराब के नशे में एक युवक द्वारा मंदिर में तोड़फोड़ और मूर्ति से छेड़छाड़ किए जाने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया. घटना से आसपास के लोगों में आक्रोश फैल गया और मौके पर भीड़ जमा हो गई. पुलिस ने हालात को शांत कर आरोपी पर धार्मिक भावनाएं आहत करने की धाराओं में केस दर्ज किया है.

# ग्रामीणों ने दिया एक दिवसीय सांकेतिक धरना

### कुंडिया-मेंदल्यापानी-वरला मार्ग के निर्माण के लिए सांकेतिक धरने में अधूरे 4 किमी सड़क निर्माण को लेकर संघर्ष समिति का विरोध



**सेंधवा, ( नवभारत )।** कुण्डिया-मेंदल्यापानी-वरला मार्ग के अधूरे 4 किमी हिस्से के निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों ने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया। वर्षों से लंबित इस कार्य के कारण आवागमन बाधित है और क्षेत्र के अनेक गांवों के नागरिकों को लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है। कुंडिया-मेंदल्यापानी-वरला मार्ग के शेष 4 किमी सड़क निर्माण कार्य की मांग लंबे समय से उठाई जा रही है। क्षेत्र के विकास और आवागमन की सुविधा के लिए इस मार्ग का पूरा होना आवश्यक माना जाता है। 30 अक्टूबर 2025 को संघर्ष समिति द्वारा इस विषय में ज्ञापन कलेक्टर जिला बड़वानी को तहसीलदार वरला के माध्यम से सौंपा गया था। संतोषजनक प्रगति न होने पर आज प्रभावित गांवों के नागरिकों ने तहसील कार्यालय के सामने एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया।

### 15 वर्ष से संघर्ष जारी है

करीब 15 वर्ष पहले जन संघर्ष समिति, वरला के नेतृत्व में वरला से सेंधवा तक पदयात्रा कर मुख्यमंत्री एवं जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया था। इसके अलावा तीन बार मुख्यमंत्री तथा एक बार प्रधानमंत्री के नाम भी ज्ञापन प्रस्तुत किए जा चुके हैं। वर्तमान में सोलवन फाटे से कुण्डिया और मेंदल्यापानी से वरला तक सड़क प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पूर्ण हो चुकी है, लेकिन कुण्डिया से मेंदल्यापानी तक का लगभग 4 किलोमीटर हिस्सा अब भी अधूरा है।

### ग्रामीणों की समस्याएं व बढ़ती दूरी

अपूर्ण सड़क के कारण लगभग 10 से 12 आदिवासी गांवों के करीब 40 हजार नागरिक प्रभावित हैं। सोलवन, अंबापानी, मालवन, कुण्डिया और आसरापानी के निवासियों को वरला पहुंचने के लिए 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। वहीं खुटवाड़ी, पेंडारन्या, बाखरली, खारिया, मेंदल्यापानी, बढ़ियापानी और हेलगापानी के नागरिकों को सेंधवा जाने के लिए 40 से 50 किलोमीटर अधिक मार्ग तय करना पड़ता है, जिससे समय, धन और आपात सेवाओं पर प्रभाव पड़ता है।

### स्वीकृति नहीं तो वरला से सेंधवा तक पैदल यात्रा

समिति ने कहा कि मार्ग सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उन्नति का आधार है, इसलिए निर्माण में और विलंब स्वीकार्य नहीं। यदि 20 दिनों में स्वीकृति प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई तो वरला से सेंधवा तक पैदल यात्रा कर एसडीएम कार्यालय पर धरना दिया जाएगा।

इस धरने में ओमप्रकाश पाण्डेय, पोरलाल खर्ते, गुच्छा जमरा, प्रदीप चौरसिया, कवरलाल जैन, रुपेश जैन, शांतिलाल आर्य, सईद कुरैशी, भुवान सिंह जाधव, दूर सिंह पटेल, राकेश रावत, शांताराम खर्ते, सायसिंह ब्राह्मणे, सुरेश पटेल, नीलेश पटेल, सीताराम बर्डे, परसराम सेनानी, महेंद्र सेनानी, साई किराड़े, राजेंद्र निंगवाल, भगवान मांगु, तारा सिंह खर्ते, इदरिस सामरे, दगडू ठाकरे, विट्ठल पाटील एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**कई नागरिक हैं प्रभावित**
- सड़क के कारण करीब 40 हजार नागरिक प्रभावित हैं।
- 25 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी करना पड़ती है तय

# चायनीज मांजे का उपयोग प्रतिबंधित, होगी कार्रवाई



**बड़वानी।** मकर संक्रांति त्यौहार को ध्यान में रखते हुए जिले में एसपी जगदीश डावर के नेतृत्व और दिशा-निर्देश में चायनीज मांजे के विक्रय और उपयोग पर रोक के लिए विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में दुकानों और पतंगबाजों पर व्यापक चैकिंग की गई। दुकानदारों और नागरिकों को बताया गया कि कलेक्टर के आदेशानुसार चायनीज मांजे का विक्रय और उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। यदि कोई व्यक्ति या विक्रेता चायनीज मांजे का विक्रय या उपयोग करते पाया जाता है, तो उनके खिलाफ धारा 163 बीएनएसएस एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही नागरिकों को जागरूक किया कि चायनीज मांजे के उपयोग से मानव और पशु-पक्षियों को गंभीर चोटें, पैर या सिर कटने जैसी दुर्घटनाएं हो सकती हैं। पुलिस ने सभी दुकानदारों और नागरिकों से अपील की कि वे सुरक्षित और वैध मांजा का ही उपयोग करे और त्यौहार को सुरक्षित रूप से मनाएं।

## पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक होगी कल

**बड़वानी।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 5 दिसमबर को आयोजित की जाएगी। उक्त बैठक क दौरान प्रांतीय संगठन के सम्बंध में चर्चा होगी। साथ ही वार्षिक बैठक को लेकर भी चर्चा की जाएगी। पेंशनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त बैठक में सुबह 11.30 बजे सुखविलास स्थित पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। सभी तहसील अध्यक्ष भी शामिल होकर संगठन पर विचार-विमर्श करेंगे। सभी सदस्यों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में शामिल होने का अनुरोध किया गया है।

# जोर-शोर से हो रही जन्म शताब्दी आयोजन की तैयारियां

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 04 दिसम्बर**



अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में 20 से 23 जनवरी 2026 में अखंड दीपक, माताजी जन्म शताब्दी महोत्सव का आयोजन हरिद्वार में गंगा तट बैरागी द्वीप में होगा। आयोजन स्थल पर पांडाल, भोजन शाला, मंच, प्रदर्शनी, पार्किंग, आवास कुटिया का निर्माण प्रारंभ हो गया। साधना अभियान प्रभारी नरेंद्र डावर, नानला भाई ने बताया कि गायत्री परिवार के परिजन श्रमदान कर आयोजित स्थल पर अपनी योग्यता अनुसार श्रमदान देने पहुंच रहे हैं। जिले से 40 सदस्यों का जत्था गायत्री शक्ति पीठ साली टांडा के नेतृत्व में हरिद्वार प्रस्थान कर रहा है। आदिवासी अंचलों से हरिद्वार के वैरागी कैम्प में साधकगण समर्पण और सेवा से प्रेरणा की महक के साथ सेवा के दीप को आगे बड़ाने का संकल्प लेंगे। गुरुदेव, वन्दनीया माताजी के अंग अवयय बनकर श्रम दान करेंगे।

सहायक समन्वयक विक्रम जमरे ने बताया कि 19 जनवरी को आयोजित आदिवासी सम्मेलन को लेकर आदिवासी अंचल में उत्साह पूर्वक सम्मिलित होने के लिए रेलवे रिजर्वेशन पंजीयन किया जा रहा है। 1250 परिजनों के पंजीयन आदिवासी सम्मेलन के लिए स्वीकृत हुए हैं।

### स्थापना को समर्पित

जिला समन्वयक महेंद्र भावसार ने बताया कि 15 दिसंबर तक आवश्यकता अनुसार जिले से और समयदानी परिजन हरिद्वार जाएंगे। जन्म शताब्दी का ऐतिहासिक आयोजन राष्ट्रीय नैतिक, आध्यात्मिक जागरण, मानव मूल्यों के संवर्धन एवं समाज में समरसता की स्थापना को समर्पित रहेगा।

# युवक को घर से बुलाकर चाकू से किया हमला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** हीरा नगर क्षेत्र में देर रात एक युवक पर घात लगाकर कुछ युवकों ने चाइनीज चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. हमले में चाकू का ब्लेड उसके पेट में धंस गया, जिसे डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बाहर निकाला. पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिग आरोपी को हिरासत में लिया है, जबकि उसके अन्य साथी फरार हैं.

हीरा नगर थाना प्रभारी सुशील पटेल ने बताया कि 19 वर्षीय छोटू पिता सुनील को गंभीर हालत में एमवाय अस्पताल ले जाया गया. परिजनों ने बताया कि युवक को घर से बाहर बुलाकर पहले से घात लगाकर बैठे आदर्श, आकाश और उनके साथियों ने हमला कर दिया. आरोप है कि विवाद के दौरान उन लोगों ने चाइनीज चाकू से वार कर दिया. चाकू शरीर के भीतर फंस जाने के कारण डॉक्टरों को तत्काल सर्जरी करनी पड़ी.

फिलहाल छोटू की हालत स्थिर बताई जा रही है. वारदात के बाद पुलिस ने देर रात दबिश देकर एक नाबालिग आरोपी को पकड़ लिया. बाकी हमलावरों की तलाश जारी है. पुलिस यह भी जुटा रही है कि वारदात के पीछे पुरानी रंजिश थी या कोई अन्य बात इसकी वजह बनी.

# सवारी को सुनसान में ले जाकर की लूट

- रिक्शा चालक फरार, एक आरोपी को ग्रामीणों ने पकड़ा



**इंदौर. तीन इमली बस स्टैंड से घर जाने के लिए रिक्शा कर रहे एक युवक के साथ सोमवार रात लूट की वारदात हो गई. रिक्शा चालक और उसके साथ बैठे बदमाश ने सुनसान इलाके में ले जाकर सवारी पर हमला किया, मारपीट की और पर्स छीन लिया. युवक की सूझबूझ और चीख-पुकार से ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने एक आरोपी को पकड़ लिया, जबकि रिक्शा चालक रिक्शा वहीं छोड़कर भाग निकला.**

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उसने रात करीब 9.15 बजे तीन इमली से फूटीकोठी जाने के लिए रिक्शा किया था. रिक्शा में पहले से एक व्यक्ति बैठा था. रास्ते में अचानक चालक रिक्शा को सुनसान इलाके की तरफ मोड़ने लगा. विरोध करने पर उसने गति बढ़ा दी और कहा कि दूसरा व्यक्ति बिलावली गांव के खेत में चौकीदारी करता है, उसे वहीं उतारकर आगे छोड़ देंगे. पीड़ित को शक हुआ और उसने बीच में उतारने को कहा, लेकिन चालक नहीं रुका. बिलावली गांव के सुनसान क्षेत्र में दोनों ने पर्स छीनने की कोशिश की और मारपीट कर करीब 5 हजार रुपए वाला पर्स छीन लिया. युवक ने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण भागते हुए मौके पर पहुंचे. इससे घबराकर रिक्शा चालक रिक्शा छोड़कर भाग निकला, जबकि दूसरा आरोपी ग्रामीणों के हाथ लग गया, जिसने अपना नाम सुरेश बताया. सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है. रिक्शा नंबर के आधार पर फरार चालक की तलाश जारी है.

# तेज रफ्तार ट्रक बिजली का खंभा तोड़कर डिवाइडर पर चढ़ा

**इंदौर.** हीरा नगर इलाके में मंगलवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गया और सीधे डिवाइडर पर चढ़ गया. बापट चौराहा से नक्षत्र गार्डन की ओर जा रहे इस ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टकराने के बाद सड़क किनारे लगा बिजली का पोल टूटकर गिर गया. हादसे में किसी व्यक्ति को चोट नहीं आई, जिससे बड़ी जनहानि टल गई. आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रास्ते में गिरे खंभे को हटवाया और जेसीबी की मदद से डिवाइडर पर अटके ट्रक को भी हटवाकर थाने भिजवाया. मामले में पुलिस जांच कर रही है.




# संस्कारों की रोशनी से जगमगाया जेल परिसर

- गीता जयंती पर बंदियों ने पाया आत्मचिंतन का नया मार्ग



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. गीता जयंती के अवसर पर सेंट्रल जेल में आयोजित विशेष कार्यक्रम ने बंदियों और स्टाफ दोनों को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर हुए इस आयोजन में गीता के उपदेशों को जीवन-सुधार के मार्ग के रूप में प्रस्तुत किया गया.**

कार्यक्रम की अध्यक्षता जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने की. समारोह में डॉ. निशा जोशी ने श्रीमद् भगवत गीता के चुनिंदा श्लोक सुनाते हुए उनके अर्थ को सरल भाषा में समझाया. उन्होंने बताया कि गीता का ज्ञान मन को स्थिर करता है और जीवन को सकारात्मक दिशा देता है. मुख्य अतिथि जेल डीजी डॉ. वरुण कपूर अपनी पत्नी सौम्या कपूर के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे. डॉ. कपूर ने कहा कि गीता के उपदेश अनुशासन, आत्मचिंतन और मानसिक संतुलन को मजबूत करते हैं. इससे न केवल बंदियों बल्कि स्टाफ को भी बेहतर जीवन जीने की प्रेरणा मिलती है. जेल अधीक्षक अलका सोनकर ने बताया कि प्रदेश की जेलों में मानसिक और आध्यात्मिक विकास पर आधारित ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे बंदियों के व्यवहार और सोच में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास सफल हो रहा है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बंदियों और स्टाफ ने भाग लिया और गीता से मिले संदेशों को अपने जीवन में उतारने का संकल्प जताया.

एक नजर में ▶ पहले इस अभियान को नहीं लिया था गंभीरता से, अब खुद बन रहे इसका हिस्सा

# एसआईआर ने मताधिकार के महत्व को समझने पर किया विवश



इंदौर. एसआईआर अभियान केवल सूची सुधार नहीं, लोकतंत्र की शक्ति को मजबूत करने का संकल्प है. मतदाता सूची की शुद्धता ही हर बूथ पर सटीकता, विश्वास और मजबूत परिणाम की नींव बनती है. इसअभियान ने प्रदेश भर के नागरिकों को अपने मत अधिकार और उसके महत्व को समझने पर विवश कर दिया है. नागरिकों द्वारा पहले इसे गंभीरता से नहीं लिया गया था, लेकिन आज क्षेत्रवासी खुद इस अभियान का हिस्सा बनकर लोगों को जागरूक भी कर रहे हैं और उनकी सहायता भी कर रहे हैं. एसआईआर फार्म भरने के लिए कुछ रिक्त स्थान भरना है, जिसको लेकर मजदूर एवं अशिक्षित वर्ग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जहां मतदाताओं को क्षेत्रीय बीएलओ को ढूंढने में समस्या आ रही है, वहीं मतदाताओं के फार्म भरने और उन्हें समझाने में टीम की कमी पड़ रही है. इस परस्थिति को देखते हुए आजाद नगर में कुछ क्षेत्रिय युवाओं ने कमान संभालकर क्षेत्रवासियों की सुविधा के लए जगह-जगह टेबलें लगाई हैं. जहां लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने एसआईआर फार्म इन युवाओं से भरवा रहे हैं. इतना ही नहीं, क्षेत्र के धर्म स्थल से भी संदेश जारी किए जा रहे हैं और गली-गली घूमकर युवा क्षेत्रवासियों को फार्म की अहमियत समझा रहे हैं. एसआईआर के लिए जागरूक करने का यह सिलसिला पिछले कई दिनों से चल रहा है. इतना होने पर भी कई लोगों के फार्म अभी भी नहीं मिल पा रहे हैं, ऐसे में सरकार को एसआईआर की अंतिम तारीख बढ़ानी पड़ी है.

### यह बोले जागरूक युवा...



क्षेत्र में अधिकांश लोग मध्यम एवं मजदूर वर्ग के हैं और कम पढ़े-लिखे हैं, ऐसे में एसआईआर फार्म में दिए गए कॉलम को समझना उनके लिए दुश्वार हो रहा है. हम हर दिन टेबल लगाकर लोगों की सहायता कर रहे हैं, यह हमारा दायित्व भी है.

**- अजिम गौरी**



राजनीतिक दल भी क्षेत्र में लोगों के बीच जाकर उन्हें जागरूक कर रहे हैं और जो संदेह है, वह भी दूर किया जा रहा है. हम लोगों को इस अभियान में बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील कर रहे हैं.

**- साबिर लाला**



नवयुवकों द्वारा एसआईआर का फार्म कंपलीट करवाने के लिए टेबल लगाने से बहुत राहत मिल रही है. खासतौर से उन्हें जो पढ़े-लिखे नहीं हैं. पहले लोगों को उलझन लग रही थी फार्म भरवाने पर, अब सब असानी हो रहा है. अंतिम तिथि बढने से लोगों को काफी राहत मिलेगी.

**- अंजुम बी**